Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 18

**SS-14-Geog.**

No. of Printed Pages – 11 + World Map + India Map

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2025

## भूगोल

## GEOGRAPHY

समय : 3 घण्टे 15 मिनिट

पूर्णांक : 56

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें ।**

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) **प्रश्न क्रमांक 17 से 18 मानचित्र कार्य से संबंधित हैं । प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है ।**

Question No. **17 to 18** are related to map-work carrying **2** marks each.

8) **विश्व एवं भारत के उपलब्ध कराए गए रेखा–मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।**

Attach the given outline maps of World and India with the answer-book.

**<u>खण्ड – अ</u>**

## SECTION - A

**1)** **नीचे दिये गये बहु विकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

Write the correct answer to the given multiple choice questions in the answer booklet.

i) **''मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है।'' मानव भूगोल की यह परिभाषा किसने दी है?** **[½]**

(अ) एलन सी. सेंपल (ब) रैटजेल

(स) विडाल – डी – ला – ब्लाश (द) ग्रिफिथ टेलर

"Human geography is the synthetic study of relationship between human societies and earth's surface." Who has given this definition of human geography?

(A) Ellen C. Semple (B) Ratzel

(C) Vidal de La Blache (D) Griffith Taylor

ii) **निम्नांकित में से एशिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश कौन सा है?** **[½]**

(अ) अफगानिस्तान (ब) बांग्लादेश

(स) पाकिस्तान (द) चीन

Which among the following is the most populous country in Asia?

(A) Afghanistan (B) Bangladesh

(C) Pakistan (D) China

iii) **भारत के उत्तरी पूर्वी राज्यों में स्थानान्तरणशील कृषि को क्या कहते हैं?** **[½]**

(अ) झूमिंग (ब) मिल्पा

(स) लादांग (द) कुमारी

What is the shifting agriculture called in north-eastern states of India?

(A) Jhuming (B) Milpa

(C) Ladang (D) Kumari

iv) **आधारभूत उद्योग है –** **[½]**

(अ) कागज (ब) चमड़ा

(स) लौह इस्पात (द) वस्त्र

The basic industry is -

(A) Paper (B) Leather

(C) Iron-steel (D) Textile

v) तृतीयक क्रियाकलाप का उदाहरण है। [½]

(अ) परिवहन (ब) कृषि

(स) खनन (द) अनुसंधान

The example of a tertiary activity is -

(A) Transport (B) Agriculture

(C) Mining (D) Research

vi) आधुनिक संचार का साधन है – [½]

(अ) तार (ब) मोर्स कूट

(स) टैलेक्स (द) इंटरनेट

Modern means of communication is -

(A) Telegraph (B) Morse Code

(C) Telex (D) Internet

vii) कौनसे समुद्री मार्ग को ''वृहद् ट्रंक मार्ग'' कहा जाता है? [½]

(अ) उत्तरी प्रशान्त समुद्री मार्ग

(ब) दक्षिणी अंटलाटिक समुद्री मार्ग

(स) उत्तरी अंटलाटिक समुद्री मार्ग

(द) दक्षिणी प्रशान्त समुद्री मार्ग

Which sea route is called "The Big Trunk Route".

(A) The Northern Pacific Sea Route

(B) The Southern Atlantic Sea Route

(C) The Northern Atlantic Sea Route

(D) The Southern Pacific Sea Route

viii) एशिया का ''आंत्रपो'' पत्तन है। [½]

(अ) रोटरडम (ब) सिंगापुर

(स) कोपेनहेगन (द) मुम्बई

An entrepot of Asia is -

(A) Rotterdam (B) Singapore

(C) Copenhagen (D) Mumbai

ix) ''विश्व व्यापार संगठन'' का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है? [½]

(अ) जिनेवा (ब) रोम

(स) दिल्ली (द) वियेना

Where is the headquarter of "World Trade Organisation" located?

(A) Geneva (B) Rome

(C) Delhi (D) Vienna

x) ''गैरिसन'' नगर का उदाहरण है । [½]

(अ) हरिद्वार (ब) उज्जैन

(स) अंबाला (द) पुष्कर

An example of a "garrison" town is

(A) Haridwar (B) Ujjain

(C) Ambala (D) Pushkar

xi) पेय फसल है – [½]

(अ) रागी (ब) कॉफी

(स) अंगुर (द) गन्ना

The beverage crop is -

(A) Finger millet (B) Coffee

(C) Grapes (D) Sugarcane

xii) ''अरवारी पानी संसद'' किस राज्य की जल संभर प्रबन्धन योजना है । [½]

(अ) तमिलनाडू (ब) गुजरात

(स) आन्ध्रप्रदेश (द) राजस्थान

"Aravari Pani Sansad" is the watershed management scheme of which state?

(A) Tamil Nadu (B) Gujarat

(C) Andhra Pradesh (D) Rajasthan

xiii) भारत सरकार ने देश में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कौनसा अभियान चलाया? [½]

(अ) जल क्रान्ति (ब) पानी बचाओ

(स) पर्यावरण बचाओ (द) नीरू–मीरू

Which campaign was launched by the Government of India to ensure availability of water per person in the country?

(A) Jal Kranti (B) Pani Bachao

(C) Save Environment (D) Neeru-Meeru

xiv) धात्विक खनिज है – [½]

(अ) ग्रेफाइट (ब) माइका

(स) तांबा (द) पेट्रोलियम

The metallic mineral is -

(A) Graphite (B) Mica

(C) Copper (D) Petroleum

xv) ''बॉक्साइड'' किस धातु का अयस्क है? [½]

(अ) लोहा (ब) एल्यूमिनियम

(स) मैंगनीज (द) सोना

"Bauxite" is the ore of which metal?

(A) Iron (B) Aluminium

(C) Manganese (D) Gold

xvi) ''इन्दिरा गाँधी नहर'' की संकल्पना किसने प्रस्तुत की थी? [½]

(अ) जवाहरलाल नेहरू (ब) इन्दिरा गाँधी

(स) जमनालाल बजाज (द) कँवर सेन

Who presented the concept of "Indira Gandhi Canal?

(A) Jawaharlal Nehru (B) Indira Gandhi

(C) Jamnalal Bajaj (D) Kanwar Sain

xvii) सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़क बनाने का कार्य कौनसा संगठन करता है? [½]

(अ) राज्य सड़क संगठन (ब) राष्ट्रीय महामार्ग संगठन

(स) सीमा सड़क संगठन (द) जिला सड़क संगठन

Which organisation undertakes the work of building strategically important roads?

(A) State Road Organisation (B) National Highway Organisation

(C) Border Road Organisation (D) District Road Organisation

xviii) मुम्बई पत्तन के दबाव को कम करने के लिए किस अनुंषगी पत्तन का निर्माण किया गया? [½]

(अ) चैन्नई (ब) मार्मागोवा

(स) कांडला (द) जवाहरलाल नेहरू

Which subsidiary port was constructed to reduce pressure of Mumbai Port?

(A) Chennai (B) Marmagao

(C) Kandla (D) Jawaharlal Nehru

**2)** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

Fill in the blanks -

i) **जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की ............. अवस्था में उच्च प्रजननशीलता व उच्च मृत्यू दर होती है।** **[½]**

In the ________ stage of Demographic Transition Theory there is high fertility and high mortality rate.

ii) **मानव विकास की अवधारणा का प्रतिपादन ............... ने किया था।** **[½]**

The concept of Human Development was propounded by ________.

iii) **अंगुर की कृषि .................. क्षेत्र की विशेषता हैं।** **[½]**

Grapes cultivation is a specialty of ________ region.

iv) **प्रमोद के उद्देश्य से की गई यात्रा को ................. कहते हैं।** **[½]**

Travelling for the purpose of enjoyment is called __________.

v) **व्यक्तियों व वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की सेवा को ............. कहते हैं।** **[½]**

The service of carring people and goods from one place to another is called ________.

vi) **.................. को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रवेश द्वारा कहते हैं।** **[½]**

__________ is called the gateway of international trade.

vii) 2011 **की जनगणना के अनुसार ............ भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य हैं।** **[½]**

According to the 2011 census, __________ is the state with highest population density in India.

viii) **रानीगंज व झरिया .................. नगरों के उदाहरण है।** **[½]**

Raniganj and Jharia are example of __________ town.

ix) **............... केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित जल संभर विकास योजना है।** **[½]**

_________ is a watershed development project sponsored by the central Government.

x) **सुखा संभावी क्षेत्र कार्यक्रम ................. पंचवर्षिय योजना में प्रारम्भ किया गया।** **[½]**

"Drought Prone Area Programme" was started in the ______ Five Year plan.

**3)** अति लघुत्तरात्मक प्रश्न -

Very Short Answer type questions -

i) मुख्य श्रमिक किसे कहते हैं? **[1]**

Who are called main worker?

ii) किन्हीं दो अपरम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के सुझाव दीजिए। **[2 × ½ = 1]**

Suggest any two unconventional energy sources.

iii) उन भूवैज्ञानिक कालों के नाम लिखिए जिनमें भारत में कोयला निर्माण हुआ। **[2 × ½ = 1]**

Write down names of two geological periods in which coal formation took place in India.

iv) ''पल्ली'' बस्ती के दो स्थानीय नाम लिखिए। **[2 × ½ = 1]**

Write two local names of "Hamleted" settlement.

v) दो रेशेदार फसलों के नाम लिखिए। **[2 × ½ = 1]**

Write the names of two fibre crops.

vi) मानव भूगोल की कौनसी विचारधारा मार्क्स के सिद्धान्त पर आधारित है। **[1]**

Which school of human geography is based on "Marxian Theory"?

vii) जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले दो भौतिक कारकों के नाम लिखिए। **[2 × ½ = 1]**

Write the names of two physical factors affecting the distribution of population.

viii) आवधिक बाजार किसे कहते है? **[1]**

What is periodic market?

ix) प्रथम बार कौनसे वर्ष मानव विकास की रिपोर्ट प्रकाशित की गई? **[1]**

In which year Human Development Report was published for the first time?

## <u>खण्ड – ब</u>

## <u>SECTION - B</u>

लघुत्तरात्मक प्रश्न -

Short Answer Type Questions -

**4)** सामाजिक भूगोल के तीन उपक्षेत्रों के नाम लिखिए। **[3 × ½ = 1½]**

Write names of three sub field of social geography.

**5)** मानव विकास के किन्हीं तीन उपागमों के नाम लिखिए। **[3 × ½ = 1½]**

Write the names of any three approaches of human development.

6) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की श्रमजीवी (कार्यशील) जनसंख्या को कितने संवर्गो में बाँटा है? किन्हीं दो के नाम लिखिए। **[2 × ¾ = 1½]**

According to 2011 census, India's working population is divided into how many categories? Write names of any two.

7) पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए दो सुझाव दीजिए। **[2 × ¾ = 1½]**

Give two suggestions for the development hilly areas.

8) द्विपक्षिय व्यापार व बहुपक्षिय व्यापार में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **[1½]**

Explain the difference between bilateral trade and multi-lateral trade.

9) तरल व गैसीय पदार्थों के परिवहन के लिए आप परिवहन के किस साधन का चयन करोगे व क्यों? **[2 × ¾ = 1½]**

Which mode of transport will you choose for transporting liquid and gaseous substances and why?

10) भारत में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में वृद्धि के दो कारण स्पष्ट कीजिए। **[2 × ¾ = 1½]**

Explain two reasons for the increase in import of petroleum products in India.

11) जल प्रदुषण निवारण के दो उपाय बताइये। **[2 × ¾ = 1½]**

Suggest two measures to prevent water pollution.

## खण्ड – स

## SECTION - C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –

Long Answer Type Questions -

12) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **[3 × 1 = 3]**

Mention three characteristics of Extensive Commercial Grain Forming.

अथवा/OR

चलवासी पशुचारण के तीन क्षेत्रों को स्पष्ट कीजिए।

Explain three areas of nomadic animal herding.

13) पनामा नहर व स्वेज नहर की तुलना अवस्थिति व लाभ के आधार पर कीजिए । **[2 × 1½ = 3]**

Compare the Suez Canal and Panama Canal on the basis of location and advantages.

अथवा/OR

आन्तरिक जलमार्ग से आप क्या समझते हैं? विश्व के किसी एक आन्तरिक जलमार्ग का वर्णन कीजिए ।

What do you understand by inland waterways? Describe any one inland waterway of the world.

14) ''झाबुआ जिले में भूनिम्नीकरण को रोकने के लिए किए गये तीन उपायों को सुझाइये । **[3 × 1 = 3]**

Suggest three measures taken to prevent land degradation in Jhabua district.

अथवा/OR

वायु प्रदुषण के लिए उत्तरदायी कारकों को समझाइये ।

Explain the factors responsible for air pollution.

## खण्ड – द

## SECTION - D

**निबंधात्मक प्रश्न –**

Essay Type Questions -

15) आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण उद्योगों की किन्हीं चार विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए । **[4 × 1 = 4]**

Analyse any four characteristics of modern large-scale manufacturing industries.

अथवा/OR

आकार के आधार पर उद्योगों के कितने प्रकार हैं? विस्तार से विवेचना कीजिए ।

How many types of industries are there on the basis of size? Discuss in detail.

16) भारतीय कृषि की किन्हीं चार समस्याओं का विश्लेषण कीजिए । **[4 × 1 = 4]**

Describe any four problems of Indian agriculture.

अथवा/OR

भारतीय कृषि के किन्हीं चार प्रकारों का वर्णन कीजिए ।

Describe any four types of Indian agriculture.

## खण्ड – य

## SECTION - E

**17)** **दिए गए विश्व के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित हवाई पत्तनों को अंकित कीजिए –** **[4 × ½ = 2]**

**(अ) मुम्बई** **(ब) शिकागो**

**(स) लंदन** **(द) सिडनी**

Mark the following airport on the given outline map of the world -

(A) Mumbai (B) Chicago

(C) London (D) Sydney

**18)** **दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित बन्दरगाहों को अंकित कीजिए –** **[4 × ½ = 2]**

**(अ) विशाखापट्टनम** **(ब) कांडला**

**(स) कोलकाता** **(द) पारादीप**

Mark the following sea port on the given outline map of India.

(A) Visakhapatnam (B) Kandla

(C) Kolkata (D) Paradip

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS-14-Geog.**


# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2025

## भूगोल

## GEOGRAPHY

### Outline Map of the World



Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS-14-Geog.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2025

## भूगोल

## GEOGRAPHY

### Outline Map of India

